गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में मंत्री काश्यप करेंगे ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

रतलाम। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के अवसर पर रतलाम में मुख्य समारोह पोलो ग्राउंड पर आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री मध्यप्रदेश शासन

गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह पोलो ग्राउंड पर आयोजित होगा

चैतन्य काश्यप ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का आगमन प्रात: 8.58 बजे होगा । प्रात: 9.00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली जाएगी , राष्ट्रगान होगा, 9.05 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा, 9.10 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री

डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा। मुख्य समारोह में मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा शासकीय विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री काश्यप द्वारा जिले के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों , सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, झांकी एवं परेड दल को मंच से पुरस्कृत/सम्मानित किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल हुई

गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह के भव्य आयोजन के लिए की गई तैयारियों एवं परेड की अंतिम रिहर्सल शनिवार को स्थानीय पोलो ग्राउंड पर की गई। रिहर्सल में मुख्य अतिथि एएसआई मदनलाल सांखला ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर एवं कमिश्नर नगर निगम अनिल भाना सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान पुलिस बल, स्काउट, एस ए एफ, एनसीसी, शौर्य दल द्वारा अंतिम रूप से मुख्य समारोह के लिए परेड की रिहर्सल की गई। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पूर्व अभ्यास किया गया।

निगम भवन पर महापौर करेंगे ध्वजारोहण: गणतंत्र दिवस के पुनीत अवसर पर निगम भवन पर प्रात: 7.30 बजे महापौर प्रहलाद पटेल ध्वजारोहण करेंगे। निगम भवन पर प्रात: 7.30 पर आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, अनिता कटारा, दिलीप कुमार गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामूभाई डाबी, सपना त्रिपाठी के अलावा पार्षदगण सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

आज हनुमान ताल पर होगा आनंद उत्सव

नवभारत न्यूज

रतलाम। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आनंद उत्सव -2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य आनंद संस्थान के जिला संपर्क व्यक्ति सीमा अग्निहोत्री ने बताया कि आनंद उत्सव में प्रमुख रूप से स्थानीय पारंपरिक खेलकूद जैसे कबड्डी, खो-खो, बोरा दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, पिट्ठू-दौड़, नीबू दौड़ एवं रस्सा खींच आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक संगीत, लोकनृत्य, भजन, कीर्तन, नाटक, सहित स्थानीय स्तर पर तय अन्य कार्यक्रम भी किए जा सकेंगे। कार्यक्रमों में महिला-पुरुष, सभी आयु वर्ग के नागरिक एवं दिव्यांगजन शामिल होंगे। इसके साथ ही 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के महिला-पुरुषों की सहभागिता भी विशेष रूप से सुनिश्चित की जाएगी। सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन के पश्चात उसी स्थान पर पुरस्कार वितरण किया जाएगा। आनंद विभाग रतलाम के मास्टर ट्रेनर मधु परिहार एवं गिरीश सारस्वत द्वारा सभी नागरिकों से हनुमान ताल पर आकर खेलों से आनंद प्राप्त करने की अपील की गई है।

एक नजर में

आईटीआई रतलाम में युवा संगम स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 28 जनवरी को

रतलाम। जिला रोजगार अधिकारी यू.पी. अहिरवार ने बताया कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय द्वारा युवा संगम अन्तर्गत जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 28 जनवरी को शासकीय आई.टी.आई सैलाना रोड रतलाम में रखा गया है। जिसमें बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाएगे। शैक्षणिक योग्यता 12 वी उत्तीर्ण से स्नातक एवं आई.टी.आई. उत्तीर्ण, आयु 18 से 35 वर्ष तक होना चाहिए। इच्छुक आवेदक 28 जनवरी को प्रात : 10 :00 बजे से 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई, सैलाना रोड रतलाम, में अपने फोटो, शैक्षणिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साईज फोटो समग्र आई डी, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं बॉयोडाटा के साथ उपस्थित हों सकते है।

विशेष ग्राम सभाओं में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित जानकारी दी जाएगी

रतलाम। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली से संबंधित जानकारियों का वाचन उचित मूल्य दुकान के विक्रेता (पृथक विक्रेताविहीन उचित मूल्य दुकान की ग्राम पंचायतों में समिति प्रबंधक) द्वारा कराया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले पात्र परिवार/हितग्राहियों के नाम, पात्र परिवारों को वितरित राशन सामग्री की मात्रा, ई केवाईसी से शेष प्रतीक्षारत के नाम, वर्तमान में सम्मिलित हितग्राहियों में से ई केवाईसी न कराने वाले हितग्राहियों के नाम, वर्तमान में समिल्लित हितग्राहियों में से मृत/स्थाई रूप से पलायन करने वाले हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जाएगा।

स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की मुख्य परीक्षा एवं सप्लीमेंट्री के आवेदनों की तिथि घोषित

जावरा। भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जावरा के प्राचार्य डॉ. ए.जी. पठान में प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि सम्राट विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन) की अधिसूचना के अनुसार स्नातक बीए बीएससी बीकॉम द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष तथा प्रथम वर्ष केवल सप्लीमेंट्री (समस्त रेगुलर एवं प्राइवेट) के विद्यार्थी 9 फरवरी तक बिना लेट फीस के परीक्षा आवेदन कर सकेंगे द्य 10 फरवरी से 16 फरवरी तक 100 रु. विलंब शुल्क तथा 17 फरवरी से 23 फरवरी तक 750/- रुपए विलंब शुल्क और 24 फरवरी के पश्चात परीक्षा शुरू होने के एक दिवस पूर्व तक 2000/- विशेष विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन भर सकेंगे । परीक्षा आवेदन भरने के बाद नियमित विद्यार्थी ?50 तथा स्वाध्यायी विद्यार्थी 250 रुपए अग्रेषण शुल्क के साथ आवेदन कार्यालय में जमा करावे द्य बीए बीएससी बीकॉम प्रथम वर्ष के (रेगुलर एवं प्राइवेट) विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन भरने की तिथि विश्वविद्यालय द्वारा अभी घोषित नहीं की गयी है यह अलग से घोषित की जाएगी।

सेलिब्रेशन ऑफ अचीवमेंट्स कार्यक्रम हुआ आयोजित

जावरा। कश्मीरी गली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी पर सेलिब्रेशन ऑफ अचीवमेंट्स कार्यक्रम आयोजित किया गया। अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियल मनसुखानी एवं सुनीता नागर की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत चत्तर ने की साथ ही लोकेश शर्मा (सहसचिव), शीतल चौरड़िया (कोषाध्यक्ष), बंशीलाल पोरवाल, शिवेन्द्र माथुर (पार्षद), रमिला पाटीदार, शीला जैन (प्रधानाचार्य), समस्त आचार्य-दीदी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। विद्यालय में वर्षभर में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के पुरस्कार अतिथियों के द्वारा भैया-बहनों को उनके माता-पिता के साथ वितरित किए गए। कार्यक्रम में भैया-बहनों के द्वारा प्रेरणास्पद एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गई। कायक्रम का संचालन अमित शर्मा एवं वैदिका करमचंदानी ने किया एवं आभार तन्मय सोनी (समिति सचिव) ने माना।

पेयजल शुद्धता की नियमित जांच तथा पानी की टंकी की सफाई नियमित करवाएं : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

रतलाम। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कलेक्टर मिशा सिंह द्वारा पेयजल व्यवस्था के लिए पी एच ई एवं जल निगम के कार्यों की समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, ई ई पी एच ई श्री भूरिया, जल निगम के अधिकारी उपस्थित थे ।

बैठक में कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में स्वीकृत एकल ग्राम नल जल योजनाओं की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि सभी ग्रामीण क्षेत्रों म में एसडीओ पीएचई जाकर जांच करे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ऐसे हैण्डपम्प जिनका पानी पीने योग्य नहीं उन्हें रेड आईल पेन्ट कर चिन्हित करवायें एवं आमजन को इसकी जानकारी दी जाए ताकि कोई भी हैण्डपम्प का पानी पीने के लिए उपयोग नहीं करे। जल निगम के कार्य पूर्ण होने के बाद रोड को पुन: वैसे ही मरम्मत करवाएं जैसे वह पूर्व स्थिति में थी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो योजनाएं पूर्ण हो गई है उनको ग्राम पंचायत को जल समिति के समक्ष में कार्य पूर्ण होने के बाद ही हैंडओवर किया जाए।

गणतंत्र दिवस पर होने वाली विशेष ग्राम सभाओ मे जल समिति की बैठक अनिवार्य रूप से करवाये। कलेक्टर ने बैठक में पेयजल की शुद्धता की नियमित जांच तथा पानी की टंकी की सफाई नियमित रूप से करवाई जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ब्लाक स्तर पर बैठक आयोजित कर पानी की टंकी की सफाई के संबंध में सफाई करने वाले कर्मचारियों को जानकारी प्रदाय की जाए ।

ध्यान से आत्मानुशासन, विचारों और जीवन में उत्साह का सृजन होता

नवभारत न्यूज

रतलाम। पूरी दुनिया में मात्र ध्यान एक ऐसा विज्ञान है जो मनुष्य को अपने जीवन में तनाव रहित करता है। नींद व्यक्ति को शरीर में ताजगी देती है। इसी तरह ध्यान व्यक्ति में आत्मानुशासन नए विचारों का सृजन, जीवन में उत्साह उमंग व प्रेरणा देता हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक बार ध्यान अवश्य करना चाहिए।

उक्त बात मां प्रेम महिमा ने रामकृष्ण विवेकानंद आश्रम में ओशो यूनिवर्सल (अमेरिका) के द्वारा संचालित ध्यान योग शिविर में कही। यहां गत दिवस तीन दिवसीय योग शिविर समापन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष प्रवीण उपाध्याय, कार्यक्रम के संयोजक ओमप्रकाश त्रिवेदी, कौशल किशोर द्विवेदी, संजय गुप्ता, सीमा गुप्ता, महेंन्द्र शर्मा, आदर्श दुबे, हरीश मोदी के द्वारा भगवान ओशो की मूर्ति पर माल्यार्पण किया व दीप प्रचलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में एक बार स्वयंम को खोजने के लिए इस रास्ते पर एक बार अवश्य

शिविर में अवश्य आना चाहिए। रतलाम शहर में दुसरी बार आयोजित भव्य शिविर के समापन पर रतलाम कि जनता ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया व योग शिविर संचालिका की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के संयोजक ओमप्रकाश त्रिवेदी ने आभार माना। उन्होंने कहा कि स्व. प्रेरणा से ही ऐसे आयोजन में व्यक्ति आ सकता है। दृढ़ इच्छा शक्ति पक्का इरादा व जीवन में कुछ करने की चाह व प्रेरणा इस प्रकार के योग शिविर से मिलती है ।

मेडिटेशन सीखाया

रतलाम शहर में दूसरी बार आयोजित भव्य शिविर के समापन पर आमजनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संचालिका मां प्रेम महिमा ने भगवान ओशो द्वारा निर्मित योग साधना कुंडलीनी ध्यान, अनापान सती योग, संत गुर्जियफ की टेक्नीक स्टॉप मेडिटेशन व लाफिंग मेडिटेशन को सीखाया ।

वाल्मीकि आश्रम का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

रतलाम। शनिवार को सैलाना नगर में वनवासी कल्याण परिषद के वाल्मीकि आश्रम का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। वनवासी वाल्मीकि आश्रम सैलाना समिति के अध्यक्ष ने बताया कि सैलाना में आश्रम की स्थापना को 45 वर्ष पूर्ण हो गए हैं और आश्रम समिति द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार के आयोजन में राज्यसभा सांसद डॉ सुमेरसिंह सोलंकी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वनवासी कल्याण परिषद मालवा प्रांत के प्रांत सह संगठन मंत्री मिथुन मकवाने मुख्य वक्ता और रतलाम झाबुआ आलीराजपुर संसदीय क्षेत्र की सांसद अनीता नागर सिंह चौहान कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रही। इस अवसर पर राज्य स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली बालक बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और पारितोषिक प्रदान किए गए। जनजाति समाज के महापुरुषों की प्रदर्शनी ने भी सभी दर्शकों को प्रभावित किया। मुख्य वक्ता मकवाने ने वनवासी कल्याण परिषद द्वारा जनजाति समाज के बीच विभिन्न आयामों द्वारा किया जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से श्रोताओं को बताया। मकवाने ने कहा कि समाज को शिक्षित होने के साथ साथ जागृत होने की भी आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुमेरसिंह सोलंकी ने जनजाति समाज को कुरीतियों से दूर रखने,अपने महत्व को समझने,जनजाति समाज द्वारा लंबे समय तक भारत की संस्कृति के उन्नयन में दिए गए योगदान का विस्तार पूर्वक उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं से नशे और कुरीतियों से दूर रहने और परिवार उत्थान और समाज उत्थान के लिए योगदान देने का आव्हान किया।रतलाम ग्रामीण के विधायक श्री मथुरालाल डामर ने अपने उद्बोधन में आश्रम की बाउंड्री वॉल के निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम मध्य क्षेत्र के क्षेत्रीय स्वास्थ्य प्रमुख डॉ उदय यार्डे,परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ रूपचंद मईडा रहे।

असाक्षर दीदियों को साक्षर करने हेतु प्रशिक्षण दिया

रतलाम। उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण प्रोढ शिक्षा के संयुक्त तत्वावधान मे कलेक्टर मिशा सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन के मार्गदर्शन में 23 जनवरी को बसंत पंचमी पर विशेष आयोजन में 'अक्षरा' शिक्षा से बदलाव की शुरुआत हर महिला साक्षर-हर, परिवार सशक्त-हर गांव प्रगति की ओर कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक शपथ एवं जागरूकता संवाद का आयोजन रतलाम जिले के समस्त विकासखंडों में हुआ। जिसमें साक्षर दीदियों का अनुभव तथा उनका अक्षर साथी के रूप में पंजीयन व असाक्षर दीदियों को साक्षर करने हेतु प्रशिक्षण दिया। आजीविका मिशन अंतर्गत बनाए समूह की महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। 'अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरुआत '' पहल अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम रतलाम के ग्राम रघुनाथ गढ़ में आयोजित किया गया। इसमें जिला समन्वयक साक्षरता ज्ञानेश्वर परिहार एवं जिला प्रबंधक आजीविका मिशन अभिलाष कुमार सोनी , विकासखंड प्रबंधक महेश जमारा, संकुल प्रबंधक श्रीमती ऊषा किर के साथ क्षेत्र की दीदीयों ने सहभागिता की।

विशिष्ट उपलब्धि पाने वाली सेंट स्टीफेंस स्कूल की छात्रा तनिष्क सोलंकी बनी विशिष्ट अतिथि

नवभारत न्यूज

रतलाम। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय सम्मान कार्यक्रम का आयोजन गुलाब चक्कर पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ लीला जोशी उपस्थित रही एवं विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली सेंट स्टीफेंस स्कूल की छात्रा तनिष्क कुंवर सोलंकी को विशिष्ट अतिथि बनाया गया। वहीं राज्य स्तरीय मेरिट सूची में आई सेंट स्टीफेंस स्कूल की छात्रा नेहा मालव और जिला स्तरीय मेरिट सूची में स्थान पर करने पर कनिका सोलंकी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा सहायक संचालक श्रीमती भारती डांगी द्वारा दी गई। मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. लीला जोशी ने कहा कि अपने लक्ष्य को अर्जुन की तरह साध कर उपलब्धि हासिल करें। जिस प्रकार अर्जुन ने सिर्फ अपना लक्ष्य देखकर उपलब्धि हासिल की इस तरह आप भी प्रत्येक काम को सफलतापूर्वक करके उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। जिले की कक्षा दसवीं एवं कक्षा बारहवीं की राज्य एवं जिले स्तर की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं का सम्मान किया गया एवं खेलकूद में राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही एकल बालिका वाले माता-पिता जिनकी केवल एक ही बेटी है ऐसे परिवारों को भी सम्मान पत्र दिया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षकों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। संचालन पर्यवेक्षक श्रीमती ज्योति सोनी व आभार जिला समन्वयक सुनील सेन के माना।

तनिष ने बनाया सेफ्टी डिवाइस

विशिष्ट अतिथि बनी तनिष कुंवर सोलंकी ने किसी भी अनहोनी से बचने के लिए एक सेफ्टी डिवाइस बनाया है जो कि कोई भी घटना घटित होने पर माता-पिता तक 10 सेकंड में बालिका की जानकारी एवं संबंधित घटना का ऑडियो रिकॉर्ड करके जानकारी पहुंचा सकता है। उक्त सेफ्टी डिवाइस के लिए बालिका को भारत मंडपम दिल्ली में भी आमंत्रित किया गया है।

नप अध्यक्ष शुक्ला की मौजूदगी में रातभर चला पेयजल लाईन सुधार कार्य

नवभारत न्यूज

सैलाना। नगर के वार्ड नंबर 6 में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या को समाप्त करने के लिए नगर परिषद ने जिस गंभीरता और तत्परता का परिचय दिया, वह काबिले-तारीफ है। गुरुवार रात नल पाइपलाइन सुधार व विस्तार का कार्य बिना रुके पूरी रात चलता रहा। आमतौर पर सरकारी कार्यों में समय की ढिलाई और निगरानी की कमी देखने को मिलती है, लेकिन इस कार्य में नगर परिषद अध्यक्ष चेतन्य शुक्ला व मुख्य नगर परिषद अधिकारी मनोज शर्मा स्वयं देर रात मौके पर डटे रहे। इससे प्रशासनिक संवेदनशीलता और जवाबदेही साफ झलकी। रात के समय कार्य कराए जाने का मुख्य उद्देश्य यह था कि दिन में आम नागरिकों को आवाजाही और पानी की आपूर्ति में परेशानी न हो। अध्यक्ष शुक्ला ने कार्यस्थल पर मौजूद अधिकारियों, इंजीनियरों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पाइपलाइन की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होना चाहिए और लीकेज जैसी समस्याओं की पुनरावृत्ति हर हाल में रोकी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता की मूलभूत आवश्यकता 'पेयजल' है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखा जाए तो यह कदम केवल एक तकनीकी कार्य नहीं, बल्कि नगर परिषद की कार्यप्रणाली में आए बदलाव का संकेत भी है। जहां पहले शिकायतों के बाद भी कार्यों में देरी होती थी, वहीं अब समस्याओं के समाधान के लिए रात-दिन एक करने की नीति अपनाई जा रही है। कुल मिलाकर, वार्ड नंबर 6 में रातभर चला यह नल पाइपलाइन कार्य नगर परिषद के लिए एक परीक्षा भी था और उदाहरण भी—जिसमें प्रशासन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरता नजर आया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजन

जावरा। स्थानीय भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में शपथ समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ एजी पठान ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतिवर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है, चूंकि कल रविवार है भारत निर्वाचन के निर्देशानुसार यह आयोजन आज शनिवार को मनाया जा रहा है। उन्होंने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से निष्पक्ष, निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने का आह्वान किया। इसके पश्चात उपस्थित समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मतदाता शपथ दिलाई। महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ विद्या तिवारी ने कायक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए मतदान की महत्ता को बताया। डॉ डी एस भदोरिया अपनी बात रखी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.नारायण पाटीदार, डॉ.नीलू कौशिक के साथ डॉ मंजुला अलान्से, प्रो. संगीता जटिया, डॉ. प्रकाश परमार,प्रो मनप्रीत सिंह गंभीर, प्रो रमेश वसुनिया, डॉ हितेश मित्तल, प्रो राधा मुजाल्दा, प्रो पवन भंवर, डॉ रेणु नामदेव, प्रो लवकुश पाटीदार, डॉ रेणुका बैरागी, डॉ उज़्मा चौधरी, प्रो दीपिका पटवा, प्रो रविन्द्र खेरवाल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चेक बाउन्स के प्रकरण में 3 माह का कठोर कारावास

जावरा। परिवादी शमीम जहाँ पति जाकिर हुसैन मंसुरी निवासी स्टेशन रोड जावरा द्वारा अभियुक्त रमेशचंद्र पिता रामचंद्र अटोलिया को रूपये 14,07,000 उधार प्रदान किए थे, जिसके ब्याज सहित भुगतान हेतु अभियुक्त द्वारा दिनांक 20-09-2021 का एक चेक रूपये 9,00,000/- तथा दुसरा चेक दिनांक 29-10-2021 रूपये 9,50,000/- का प्रदान किया गया था। अभिभाषक तन्मय सोनी ने बताया उक्त दोनो चेक अपर्याप्त निधी होने के कारण बैंक द्वारा अनादृत कर दिये, जिसके आधार पर परिवादी द्वारा न्यायालय में अभियुक्त के विरूद्ध दो परिवाद पत्र प्रस्तुत किए थे। जिसमे न्यायालय जेएमएफसी एनएस ताहेड द्वारा 20-01-2026 को पृथक-पृथक निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त को 6-6 माह के कठोर कारावास तथा रूपये 13,49,000/- व रूपये 12,85,000/- का अर्थदण्ड किया गया और अर्थदण्ड की राशि प्रतिकर के रूप में परिवादी को प्रदान करना निर्धारित किया है। प्रतिकर अदा नही करने की दशा में व्यतिवम के रूप में 3-3 माह का कठोर कारावास भुगताया जाना भी तय किया है। मामले में परिवादी शमीम जहाँ की और से पैरवी अभिभाषक सोनी के साथ अनिता मौर्य, जाकिर मंसुरी व आयुष अरोडा ने की।

शासकीय सांदीपनि विद्यालय में बसंत पंचमी उत्सव हर्षोल्लास से मनाया

नवभारत न्यूज

आलोट। शासकीय सांदीपनि विद्यालय में बसंत पंचमी का पर्व हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। बसंत पंचमी को ब्रह्मा की पुत्री मां सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में पूरे देश में श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया जाता है। इसी दिन से बसंत ऋतु का शुभारंभ भी होता है, जिससे प्रकृति में नया उल्लास देखने को मिलता है। चारों ओर सरसों के पीले फूल, पेड़ों पर नई कोंपलें और सुहावना मौसम मन को आनंदित कर देता है। विद्यालय परिसर स्थित मां सरस्वती मंदिर में सर्वप्रथम पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य फिरोज खान ने समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के उपप्राचार्य पीयूष शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। अन्य शिक्षक साथियों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विद्यालय के गोपाल पोरवाल, सतीश मीणा, सत्यनारायण सोनगरा, निर्भयसिंह परिहार, आदित्य सेन, मीनल जैन, पूजा अग्रावत, रेखा विश्वकर्मा, कल्पना शर्मा, जगदीश शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।